Total No. of Printed Pages—3

4 SEM TDC HINH (CBCS) C 8

2025

(May/June)

HINDI

(Core)

Paper : C–8

(भाषा–विज्ञान और हिंदी भाषा)

Full Marks : 80

Pass Marks : 32

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'भाष्' धातु का अर्थ क्या है?

(ख) भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन को प्रस्तुत करने वाले विषय को क्या कहा जाता है?

(ग) ध्वनि-विज्ञान का सीधा संबंध किससे है?

(घ) रूप-विज्ञान को और किस नाम से जाना जाता है?

(ङ) वाक्य के कितने भेद बताए गए हैं?

(च) शब्द की आत्मा क्या है?

(छ) हिंदी का विकास किससे माना गया है?

(ज) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) सांकेतिक भाषा से आप क्या समझते है?

(ख) भाषा की दो विशेषताओं को लिखिए।

(ग) भाषा की एक सर्वमान्य परिभाषा दीजिए।

(घ) व्यंजन की परिभाषा दीजिए।

(ङ) पश्चिमी हिंदी की किसी एक बोली का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(च) शब्द और अर्थ में क्या संबंध है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) भाषा का दैवी उत्पत्ति सिद्धांत क्या है?

(ख) भाषा-विज्ञान, विज्ञान है या कला? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ग) रूपिम की अवधारणा को समझाइए।

(घ) संरचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

(ङ) अर्थ-विज्ञान की परिभाषा दीजिए।

(च) हिंदी की बोलियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

(Continued)

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए : 12×4=48

(क) भाषा के स्वरूप को विस्तारपूर्वक समझाइए।

(ख) भाषा-विज्ञान के विभिन्न अंगों का वर्णन करते हुए उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ग) ध्वनि-विज्ञान के स्वरूप को विस्तारपूर्वक समझाइए।

(घ) रूपिम विज्ञान की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों का परिचय दीजिए।

(ङ) वाक्य के निकटस्थ अवयवों का विश्लेषण कीजिए।

(च) अर्थ-विज्ञान के स्वरूप एवं उसके महत्त्व को समझाइए।

(छ) देवनागरी लिपि के नामकरण की समस्या पर प्रकाश डालिए।

(ज) आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

* * *